5.5.2 अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति आरंभिक तौर पर नियुक्ति तिथि से पाँच वर्ष तक अथवा उनकी अधिवर्षिता तक या इस संबंध में अगले आदेश प्राप्त होने तक इनमें से सबसे पहले आने वाली अवधि तक नियुक्ति की जाती है. आयु, कार्य-निष्पादन तथा अन्य निर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति आरंभिक अवधि से अगले पाँच वर्ष के लिए अथवा अधिवर्षिता की तारीख तक, इनमें से जो भी पहले आए उस तिथि तक सेवाएँ विस्तारित की जा सकती हैं. अंशकालिक सरकारी निदेशक सामान्यतः प्रशासनिक मंत्रालय से होते हैं तथा उनका सेवाकाल कंपनी के निदेशक-मंडल में नियुक्ति से लेकर उस मंत्रालय में बने रहने तक होता है. अंशकालिक गैर-अधिशासी निदेशकों (स्वतंत्र निदेशक) की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की जाती है.

5.5.3 वर्ष 2014-15 के दौरान पूर्णकालिक निदेशों के पारिश्रमिक के विवरण इस प्रकार हैं -

(₹ में)

निदेशक का नाम सर्वश्री	बकाया वेतन *(ए)	लाभ *(बी)	भविष्य-निधि, पेंशन तथा ग्रेच्युटी में कंपनी का उपदान	प्रोत्साहन राशि *(सी)	पट्टा आवास	कुल
एस एन मंथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	1379265	599442	165510	1052711	343611	3540539
एस वी सुब्बा राव निदेशक (वित्त) (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	1227453	504099	146346	697949	337500	2913347
वी उदय भास्कर निदेशक (उत्पादन) (दि. 29 जनवरी, 2015 तक) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (दि. 30 जनवरी, 2015 से)	1631515	744513	189760	1205033	375000	4145821
एवीएम एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.) निदेशक (तकनीकी)	2202345	541082	228969	992250	0	3964646
एस पिरमनायगम निदेशक (वित्त) (दि. 01 जनवरी, 2015 से)	449085	98103	46869	214988	0	809045

* (ए) वर्ष 2014-15 के वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, एच आर ए, वैयक्तिक वेतन, विशेष वेतन-वृद्धि शामिल हैं.

* (बी) लाभ के अंतर्गत प्रावकाश नकदीकरण एवं अनुलाभ शामिल हैं.

* (सी) पी आर पी प्रावधानों के तहत प्रोत्साहन राशि.

5.5.4 अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों (गैर अधिशासी निदेशक) को किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है तथा उन्हें निदेशक मंडल / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए भी किसी प्रकार के शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है.

5.5.5 निदेशक मंडल ने दि. 22 नवंबर, 2013 को संपन्न अपनी बैठक में दि. 22 नवंबर, 2013 से अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों (स्वतंत्र निदेशक) को कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक में भाग लेने के लिए देय प्रति बैठक का प्रतिभागिता शुल्क ₹ 20,000/- तक बढ़ाया है और बोर्ड स्तर की समितियों में भाग लेने के लिए देय प्रतिभागिता शुल्क ₹10,000/- ही रखा गया है. वर्ष 2014-15 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान किये गये शुल्क का विवरण इस प्रकार है

नाम	निदेशक मंडल की बैठक	बोर्ड स्तर की समिति की बैठक	कुल
श्री ए के कपूर अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1,20,000	2,60,000	3,80,000

6. खरीद समिति

6.1 सी एम डी के अधिकारों से परे मंडल द्वारा दि. 29 जुलाई, 2011 को नई परियोजनाओं (आर अण्ड डी परियोजनाओं सहित) की मंजूरी एवं समीक्षा के लिए समिति गठित की गई. प्रत्येक संदर्भ में अधिकतम ₹ 25 करोड़ की मंजूरी दी जा सकती है और सी एम डी के अधिकारों से परे किंतु बोर्ड के अधिकार अनुसार खरीदी प्रस्ताव का भी अनुमोदन दिया जा सकता है.

6.2 कंपनी ने शक्तियों के प्रत्यायोजन के संशोधन का अनुमोदन लिए निदेशक मंडल का अनुमोदन प्राप्त किया है जो दि. 01 जुलाई, 2014 से परिचालनीय है. खरीद समिति निम्नलिखित सीमाओं के अंदर क्रय आदेश रखने संविदा देने की मंजूरी / समीक्षा का अधिकार रखती है -

आधार	पूँजी की प्रकृति	राजस्व की प्रकृति
एकल निविदा / नामांकन एवं उचित संदर्भ	₹ 30 करोड़ तक	₹ 30 करोड़ तक
एकल निविदा संदर्भों से अलग	₹ 60 करोड़ तक	₹ 60 करोड़ तक
एकल निविदा से अलग (वर्क्स)	₹ 100 करोड़ तक	₹ 100 करोड़ तक

6.3 निदेशक मंडल ने दि. 17 अप्रैल, 2014 को संपन्न अपनी बैठक में खरीद समिति का पुनर्गठन किया. दि. 31 मार्च, 2015 तक खरीद समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं -

1.	**श्री एस एन मंथा** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	-	अध्यक्ष
2.	**श्री वी उदय भास्कर** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (दि. 01 जनवरी, 2015 से)	-	अध्यक्ष
3.	**श्री एसवी सुब्बा राव** निदेशक (वित्त) (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	-	सदस्य
4.	**श्री ए के कपूर** अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (दि. 15 फरवरी, 2015 तक)	-	सदस्य
5.	**एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.) निदेशक (तकनीकी)	-	सदस्य
6.	**श्री एस पिरमनायगम** निदेशक (वित्त) (दि. 01 जनवरी, 2015 से)	-	सदस्य

6.4 कंपनी सचिव इस समिति के सचिव होंगे और निगम वाणिज्य विभाग के प्रधान सहयोग के लिए आमंत्रित किये जाएँगे.

6.5 वर्ष 2014-15 के दौरान दि. 13 जून, 2014; दि. 24 जुलाई, 2014; दि. 11 अगस्त, 2014; दि. 25 सितंबर, 2014; दि. 25 सितंबर, 2014; दि. 28 नवंबर, 2014; दि. 24 जनवरी, 2015 और दि. 14 फरवरी, 2015 को समिति की सात बैठकें संपन्न हुईं. इन बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है -

क्र.सं.	निदेशक का नाम सर्वश्री	संबंधित सदस्य के कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	कुल उपस्थित बैठकें
1.	**श्री एस एन मंथा** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	5	5
2.	**श्री एस वी सुब्बा राव** निदेशक (वित्त) (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	5	5
3.	**श्री वी उदय भास्कर** निदेशक (उत्पादन) (दि. 29 जनवरी, 2015 तक)	6	6
	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (दि. 30 जनवरी, 2015 से)	1	-
4.	**एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.) निदेशक (तकनीकी)	7	7
5.	**श्री एस पिरमनायगम** निदेशक (वित्त) (दि. 01 जनवरी, 2015 से)	2	2
6.	**श्री ए के कपूर** अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (दि. 15 फरवरी, 2015 तक)	7	7

6.6 अधिवर्षिता प्राप्त कर सेवानिवृत्त होने पर श्री एस एन मंथा, भूतपूर्व सी एम डी एवं श्री एसवी सुब्बा राव, भूतपूर्व निदेशक (वित्त) को कार्यमुक्त किया गया. अत: निदेशक मंडल ने दि. 05 जून, 2015 को संपन्न अपनी 224वीं बैठक में खरीद समिति का पुनर्गठन किया. दि. 05 जून, 2015 तक इस समिति के निम्नलिखित सदस्य रहे -

1. **श्री वी उदय भास्कर** - अध्यक्ष
   अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

2. **श्री आर जी विश्वनाथन** - सदस्य
   अपर वित्त सलाहकार एवं
   संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ)
   सरकारी निदेशक

3. कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक - सदस्य

4. कंपनी सचिव - सचिव

निगम वाणिज्य विभाग के प्रधान सहयोग के लिए आमंत्रित किये जाएँगे.

7. मानव संसाधन समिति

7.1 मानव संसाधन से संबंधित सभी प्रस्तावों की समीक्षा तथा अनुमोदन के लिए दि. 29 जुलाई, 2011 को निदेशक मंडल द्वारा यह समिति गठित की गई.

7.2 निदेशक मंडल द्वारा दि. 27 सितंबर, 2013 को इस समिति का पुनर्गठन किया गया. दि. 31 मार्च, 2015 तक समिति की रचना इस प्रकार है -

1. **श्री एस एन मंथा** - अध्यक्ष
   अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
   (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)

2. **श्री एसवी सुब्बा राव** - सदस्य
   निदेशक (वित्त)
   (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)

3. **श्री वी उदय भास्कर** - सदस्य
   निदेशक (उत्पादन)
   (दि. 29 जनवरी, 2015 तक)
   अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
   (दि. 30 जनवरी, 2015 से)

4. **एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.) - सदस्य
   निदेशक (तकनीकी)

5. **श्री एस पिरमनायगम** - सदस्य
   निदेशक (वित्त)
   (दि. 01 जनवरी, 2015 से)

7.3 अधिवर्षिता प्राप्त कर सेवा-निवृत्त होने पर श्री एस एन मंथा, भूतपूर्व सी एम डी एवं श्री एसवी सुब्बा राव, भूतपूर्व निदेशक (वित्त) को कार्यमुक्त किया गया. अत: निदेशक मंडल ने दि. 05 जून, 2015 को संपन्न अपनी 224वीं बैठक में मानव संसाधन समिति का पुनर्गठन किया. दि. 05 जून, 2015 तक इस समिति के निम्नलिखित सदस्य रहे -

1.	**श्री वी उदय भास्कर** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	**श्री आर जी विश्वनाथन** अपर वित्त सलाहकार एवं संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ) सरकारी निदेशक	-	सदस्य
4.	**एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.) निदेशक (तकनीकी)	-	सदस्य
5.	**श्री एस पिरमनायगम** निदेशक (वित्त)	-	सदस्य

7.4 कंपनी सचिव इस समिति के सदस्य सचिव होंगे और का. एवं प्रशा. विभाग के प्रधान सहयोग के लिए आमंत्रित किये जाएँगे.

8. कंपनी की सी एस आर योजना एवं सतत् विकास की देखभाल के लिए समिति :

8.1 सार्वजनिक उपक्रम विभाग ने दि. 12 अप्रैल, 2013 की कार्यालय ज्ञापन संख्या 15(7)/2012-डीपीई (जीएम)-जीएल के तहत केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के लिए नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सातत्यता विकास के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किये. उक्त दिशा-निर्देशानुसार दि. 01 अप्रैल, 2013 से सातत्यता विकास समिति तथा कंपनी की सी एस आर योजनाओं की देखभाल के लिए समिति को मिलाकर 'कंपनी की सी एस आर योजना एवं सतत विकास की देखभाल के लिए समिति' नाम से पुनर्गठित करने की आवश्यकता होती है.

8.2.1 दि. 15 फरवरी, 2015 तक कंपनी की सी एस आर योजना एवं सतत विकास की देखभाल के लिए समिति की रचना इस प्रकार है -

1.	**श्री ए के कपूर** अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	**श्री एस वी सुब्बा राव** निदेशक (वित्त) (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	-	सदस्य
3.	**श्री वी उदय भास्कर** निदेशक (उत्पादन)	-	सदस्य

8.2.2 दि. 15 फरवरी, 2015 को श्री ए के कपूर के कार्यकाल की समाप्ति के फलस्वरूप दि. 06 फरवरी, 2015 को संपन्न निदेशक मंडल की 221वीं बैठक में कंपनी की सी एस आर योजना एवं सतत विकास की देखभाल के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया. अत: दि. 31 मार्च, 2015 तक इस समिति की रचना इस प्रकार है -

1. **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस - अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (ई एस)
रक्षा उत्पादन विभाग
रक्षा मंत्रालय
सरकारी निदेशक

2. **एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.) - सदस्य
निदेशक (तकनीकी)

3. **श्री एस पिरमनायगम** - सदस्य
निदेशक (वित्त)

8.2.3 कंपनी द्वारा गठित बोर्ड से निचली समिति के अध्यक्ष, कंपनी की सी एस आर नीति एवं सतत विकास समिति के सदस्य सचिव होंगे.

8.3 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान दि. 01 जुलाई, 2014; दि. 25 सितंबर, 2015 और दि. 24 जनवरी, 2015 को समिति की तीन बैठकें आयोजित की गई. इन बैठकों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है -

क्र.सं.	निदेशक का नाम सर्वश्री	संबंधित सदस्य के कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	कुल उपस्थित बैठकें
1.	श्री ए के कपूर अंशकालिक गैर-सरीकारी निदेशक	3	3
2.	श्री एस वी सुब्बा राव निदेशक (वित्त) (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	2	2
3.	श्री वी उदय भास्कर निदेशक (उत्पादन) (दि. 30 जनवरी, 2015 से)	3	3

9. निदेशक मंडल स्तर की समिति :

9.1 निदेशक मंडल ने दि. 17 अप्रैल, 2014 को संपन्न अपनी 216वीं बैठक में आकाश अस्त्रप्रणाली के लिए कंटेनर प्रेजराइजेशन से संबंधित सभी तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए निदेशक मंडल स्तर की समिति का गठन किया.

1. **श्री ए के कपूर** - अध्यक्ष
   अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

2. **एवीएम एन वी सिंह**, अविसेमे, विसेमे (नि.) - सदस्य
   निदेशक (तकनीकी)

9.1.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान दि. 15 मई, 2014; दि. 29 मई, 2014; दि. 30 जून, 2014; दि. 12 अगस्त, 2014; दि. 28 नवंबर, 2014 और दि. 14 फरवरी, 2015 को इस समिति की छः बैठकें संपन्न हुईं. इन बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है -

निदेशक का नाम सर्वश्री	संबंधित सदस्य के कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	कुल उपस्थित बैठकें
श्री ए के कपूर अंशकालिक गैर-सरीकारी निदेशक	6	6
एवीएम एन बी सिंह अविसेमे, विसेमे (नि.) निदेशक (तकनीकी)	6	6

निदेशक मंडल ने दि. 06 फरवरी, 2015 को संपन्न अपनी बैठक में समिति को दिये गये कार्य की समाप्ति पर इस समिति के विलयन का अनुमोदन दिया.

9.2 निदेशक मंडल द्वारा दि. 17 अप्रैल, 2014 को संपन्न अपनी 216वीं बैठक में सप्लाई चेन प्रबंधन के विकास के अध्ययन तथा उचित सुझाव देने के लिए निदेशक मंडल स्तर की समिति का गठन किया गया. इस समिति के निम्नलिखित सदस्य रहे -

1. **श्री ए के कपूर** - अध्यक्ष
   अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

2. **श्री एस वी सुब्बा राव** - सदस्य
   निदेशक (वित्त)
   (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)

3. **श्री वी उदय भास्कर** - सदस्य
   निदेशक (उत्पादन)
   (दि. 29 जनवरी, 2015 तक)

9.2.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान दि. 30 मई, 2014 और दि. 01 जुलाई, 2014 को समिति की दो बैठकें आयोजित की गईं. इन बैठकों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है -

निदेशक का नाम सर्वश्री	संबंधित सदस्य के कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	कुल उपस्थित बैठकें
श्री ए के कपूर अंशकालिक गैर-सरीकारी निदेशक	2	2
श्री एस बी सुब्बा राव निदेशक (वित्त) (दि. 31 दिसंबर, 2014 तक)	2	2
एवीएम एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.) निदेशक (तकनीकी)	2	2

10. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों की विशेष बैठक :

10.1 सार्वजनिक उद्यम विभाग ने दि. 28 दिसंबर, 2012 की कार्यालय ज्ञापन संख्या 16 (4)/2012-जीएम के तहत अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों के लिए आदर्शात्मक भूमिका एवं दायित्वों के संबंध में पत्र जारी किया जिसके अनुसार अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक को कार्यकारी एवं सरकारी निदेशक तथा कंपनी के प्रबंधन सदस्यों की अनुपस्थिति में वर्ष के दौरान कम से कम एक बैठक में भाग लेना अनिवार्य है. कंपनी अधिनियम, 2013 के क्रम में अधिनियम की अनुसूची IV में स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका और दायित्वों की घोषणा की जाती है. इसमें कहा गया है कि स्वतंत्र निदेशकों को गैर-स्वतंत्र निदेशक और प्रबंधन सदस्यों की अनुपस्थिति में वर्ष में एक बैठक बुलायी जाएगी.

10.2 पिछले वर्ष अर्थात् 2013-14 के दौरान दि. 04 मार्च, 2014 को अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों की विशेष बैठक आयोजित की गई. दि. 07 मार्च, 2014 को दो अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों का कार्य काल समाप्त हुआ और दि. 31 मार्च, 2015 तक इन रिक्तियों की भर्ती नहीं हुई. इस कारण भारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में एक ही अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक हैं और इनका भी कार्यकाल दि. 15 फरवरी, 2015 को समाप्त हो चुका है. इस कारण वर्ष 2014-15 के दौरान अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों की बैठक संपन्न नहीं हो पायी.

11. आम-सभाएँ :

11.1 कंपनी की सभी आम सभाएँ कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में संपन्न हुईं. विगत तीन वर्षों के दौरान संपन्न ऐसी बैठकों के विवरण इस प्रकार हैं -

वा.आ.स. की संख्या	वित्तीय वर्ष	बैठक की तिथि	बैठक का समय	बैठक का स्थान
42	2011-12	24 सितंबर, 2012	15:30 बजे	पंजीकृत कार्यालय कंचनबाग हैदराबाद
43	2012-13	30 सितंबर, 2013	10:30 बजे	
44	2013-14	26 सितंबर, 2014	14:00 बजे	

11.2 विशेष संकल्पों की सूची :

11.2.1 पिछली तीन आम सभाओं में किसी भी प्रकार के विशेष संकल्प नहीं लिये गये.

12. प्रकटन :

12.1 वर्ष 2014-15 के दौरान कंपनी के निदेशकों के साथ ऐसा कोई भी लेन-देन नहीं किया गया जो कंपनी के हित में न हो. निदेशक मंडल के सदस्य पारिश्रमिक लेने के अतिरिक्त (जहाँ लागू हो) कंपनी के साथ किसी भी प्रकार के आर्थिक संबंध या लेन-देन नहीं रखते हों निदेशक मंडल के निर्णयानुसार फैसला लेने में निदेशकों की स्वतंत्रता को प्रभावित करते हैं.

12.2 सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश से संबद्ध किसी विषय को लेकर किसी भी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा विगत तीन वर्ष के दौरान कंपनी पर न कोई जुर्माना लगा और न ही कोई आक्षेप लगाया गया.

12.3 व्हिज़िल ब्लोअर मैकानिज़्म :

डी पी ई द्वारा ज़ारी सी पी एस ई के नैगमिक अभिशासन के दिशा-निर्देश 2010 का अनुपालन किया गया है. कंपनी की व्हिज़िल ब्लोअर नीति में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान भी है कि कोई भी व्यक्ति लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से मिल सकता है. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति या उसके अध्यक्ष से मिलने से मना नहीं किया गया.

12.4 कंपनी वर्गवार रिपोर्टिंग को छोड़कर डी पी ई द्वारा नैगमिक प्रशासन के संबंध में जारी सी पी एस ई 2010 के सभी दिशा-निर्देश का अनुपालन कर रही है. कंपनी ने वर्ष 2013-14 के दौरान आपदा प्रबंधन नीति के संबंध में निदेशक मंडल का अनुमोदन प्राप्त कर लिया. संव्यवहार की प्रकृति एवं उद्घाटित करने में उसकी संवेदनशील प्रकृति को ध्यान में रखते हुए वर्ग रिपोर्टिंग से संबद्ध एएस-17 को छोड़कर अनुप्रयोज्य सभी लेखा मानदंड़ों का पालन किया जा रहा है. तथापि इसे उद्घाटित न करने पर कंपनी की लेखाओं पर कोई वित्तीय प्रभाव नहीं होगा. लेखाओं की अंगभूत टिप्पणियों में आवश्यक

प्रकटन किया जा रहा है. संप्रति बोर्ड में सदस्यों की संख्या पाँच (5) है जबकि मंजूर की गई संख्या नौ (9) है. दि. 07 मार्च, 2014 को तथा दि. 15 मार्च, 2015 को तीन अंशकालिक गेर-सरकारी निदेशकों का सेवाकाल पूरा होने की वजह से तीन सदस्यों के स्थान रिक्त हैं जिनकी भर्ती दि. 31 मार्च, 2015 तक की जानी है.

12.5 **प्राप्त राष्ट्रपति निदेश का विवरण तथा उनका कार्यान्वयन :** राष्ट्रपति निर्देश, डी पी ई / मंत्रालय से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन का कार्यान्वयन किया जा रहा है. कंपनी के बोर्ड स्तर एवं बोर्ड के निम्न स्तर के कार्यपालकों के वेतन संशोधन के संबंध में डी पी ई द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार संशोधित वेतनमान के कार्यान्वयन के लिए मंजूरी प्रदान करते हुए दि. 27 अप्रैल, 09 का संख्यक एच-62030/1/0227-डी (बीडीएल) राष्ट्रपति आदेश प्राप्त हुआ. तदनुसार, राष्ट्रपति निर्देश का अनुपालन करते हुए कंपनी ने वेतन संशोधन कार्यान्वित किया है.

12.6 व्यय का कोई भी ऐसा मद लेखा-बही के खर्चे में नहीं दिखाया गया जो संव्यवहार के लिए नहीं रखा गया हो.

12.7 निदेशक मंडल तथा उच्च प्रबंधन के व्यक्तिगत प्रयोजन के लिए कंपनी ने किसी प्रकार का व्यय नहीं किया.

12.8 प्रशासनिक तथा कार्यालयीन व्यय के विवरण कुल व्यय या वित्तीय व्यय के प्रतिशत के रूप में दिखाए जा रहे हैं

क्र.सं.	विवरण	2014-15	2013-14
1	कुल व्यय (सामग्री के अलावा)	799.46	600.46
2	प्रशासनिक एवं कार्यालयीन व्यय	13.18	11.64
3	(1) पर (2) का प्रतिशत	1.65	1.94

13. संप्रेषण के माध्यम :

अपने शेयरधारकों, निदेशकों तथा अन्य स्टेकधारकों के साथ कंपनी की संप्रेषण प्रणाली में पत्राचार और कंपनी की अधिकाधिक वेबसाइट (http://bdl.ap.nic.in) के साथ-साथ सभी संप्रेषण चैनलों के माध्यम शामिल हैं. कंपनी की वेबसाइट में (i) अंतरिम लाभांश का भुगतान (ii) अनुबंध ज्ञापन प्रलेख रेटिंग के माध्यम से कंपनी के कार्य-निष्पादन के मानदंड (iii) बी डी एल की सभी इकाइयों के साथ संप्रेषण के लिए वीडियो कांफ्रेंस प्रणाली की स्थापना (iv) कंपनी का परिचय, मील के पत्थर, मिशन एवं भविष्य-दृष्टि, उद्देश्य, उपलब्धियाँ आदि (v) वार्षिक विवरण की सूचना (vi) कंपनी के उत्पाद, (vii) निविदाओं के विवरण (viii) ई-खरीदी (iv) कैरियर (x) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का विवरण आदि जानकारी उपलब्ध होती है. कंपनी की कार्य-निष्पादन संबंधी जानकारी हर माह प्रशासनिक मंत्रालय को दी जाती है.

14. कंपनी असफल वित्तीय विवरण सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है.

15. मौजूदा परियोजनाओं तथा टेकनोलॉजी दृष्टि से ग्राहकों भी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का रूपायन किया जा रहा है. इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त (i) आई आई एम, एम डी आई जैसी प्रमुख संस्थाओं के माध्यम से वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम (ii) वर्कशाप में विभिन्न ट्रेड में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए पुन:निर्धारण तथा कौशल उन्नयन कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं.

16. निदेशक तथा वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए आचरण संहिता :

16.1 डी पी ई द्वारा जारी सी पी एस ई के नैगमिक अभिशासन संबंधी दिशा-निर्देश 2010 की सुझाव के अनुसार कंपनी द्वारा अपने निदेशकों तथा वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए संव्यवहार नीति एवं आचरण संहिता अपनायी गयी है.

16.2 यह आचरण संहिता कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी गयी है. निदेशक एवं वरिष्ठ कार्यपालकों ने वर्ष 2014-15 के दौरान आचरण संहिता के अनुपालन का वचन-पत्र दिया.

16.3 इस संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की घोषण निम्नवत है :

17. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की घोषणा :

डी पी ई द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(8)/2005-जीएम, दि 14 मई, 2010 में उल्लिखित सी पी एस ई के लिए नैगमिक अभिशासन के दिशा-निर्देशन के अनुसार यह घोषणा की जाती है कि निदेशक-मंडल के सभी सदस्य तथा वरिष्ठ प्रबंधन दि. 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए ङभारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल सदस्य तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए संव्यवहार आचरण एवं नैतिक संहिता का अनुपालन किया है.

कृते - भारत डायनामिक्स लिमिटेड

वी उदय भास्कर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : हैदराबाद
तारीख : 27 जुलाई, 2015

अनुलग्नक - IV

वाई रमेश, एम कॉम, एल एल बी, सी ए आई आई बी, ए सी एस
कार्यरत कंपनी सचिव
मोबाइल : 9849045347

नैगमिक अभिशासन की शर्तों के अनुपालन संबंधी प्रमाण-पत्र

सेवा में,

सदस्य-गण
भारत डायनामिक्स लिमिटेड
हैदराबाद.

मैंने, सी पी एस ई के लिए नैगमिक अभिशासन संबंधी दिशा-निर्देश 2010 के अनुसार दि. 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा नैगमिक अभिशासन की शर्तों के अनुपालन का परीक्षण किया है.

नैगमिक अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का उत्तरदायित्व है. मेरा यह परीक्षण उपरोक्त दिशा-निर्देश में उल्लिखित नैगमिक अभिशासन प्रमाण-पत्र की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनायी गयी प्रक्रिया और कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित है. यह न तो कंपनी के वित्तीय विवरण की लेखा-परीक्षा है और न ही विचाराभिव्यक्ति.

मेरी राय में तथा मुझे दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार मैं प्रमाणित करता हूँ कि सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी 'सी पी एस ई के लिए नैगमिक अभिशासन संबंधी दिशा-निर्देश, 2010' के तहत कंपनी ने निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक के लिए संव्यवहार नीति आचरण संहिता अपनायी है जिसके तहत यह निदेशक तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक की जिम्मेदारी है कि आचरण संहिता से स्वयं अवगत हों और उसके मानकों का अनुपालन दि. 31 मार्च, 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आचरण संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करे.

मैं आगे प्रमाणित करता हूँ कि सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा 'सी पी एस ई के लिए नैगमिक अभिशासन संबंधी दिशा-निर्देश, 2010' के तहत कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों के संदर्भ में निदेशक मंडल और तदनुरूप समितियों के गठन को छोड़ नैगमिक अभिशासन के सभी दिशा-निर्देश का अनुपालन किया गया है.

हस्ता./-
(वाई रमेश)
सी पी संख्या : 7929

स्थान : हैदराबाद
तारीख : 02 सितंबर, 2015

947 बालाजी नगर, विद्या नगर, हैदराबाद - 500044.
ई-मेल : racs_y@yahoo.co.in

वृद्धि एवं विकास



मानव-शक्ति एवं मूल्य-वर्द्धन



लेखा-नीति

1. वित्तीय विवरण तैयार करने के मूल आधार

जब तक कि अन्यथा उद्धृत न हो, वित्तीय विवरणिकाएँ प्रोद्भूत आधार तथा परंपरागत लागत पर कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत भारत में स्वीकृत सामान्य लेखा कार्य-सिद्धांतों के अनुसार तैयार की जाती है.

2. स्थायी परिसंपत्तियाँ

2.1 कंपनी के लेखाओं में भूमि का पूँजीकरण कंपनी लागत पर किया गया है. भूमि समतल बनाने, साफ कराने तथा ग्रेडिंग जैसे भूमि के विकास का पूँजीकरण, भवनों के निर्माण के लिए इस्तेमाल की गई भूमि के अनुपात में भवन लागत पर किया है तथा बाकी विकास-शीर्ष का पूँजीकरण भूमि लागत पर किया है. किसी भवन के निर्माण से संबंध न रखनेवाले लैंडस्केपिंग या किसी अन्य उद्देश्य के लिए हुआ विकास-शीर्ष भूमि-लागत माना जाता है.

2.2 बाहरी अभिकरणों की संपूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता / सहायिकी से अर्जित स्थायी परिसंपत्ति कंपनी के खातों में निवल लागत पर लेखांकित की गयी है. सरकार से बिना किसी लागत के हस्तांतरित संपत्ति सांकेतिक मूल्य पर लेखांकित की गई है.

2.3 संयंत्र, मशीनरी तथा उपकरण, फिक्चर्स, कार्यालयीन फर्नीचर तथा उपकरणों की मदें जहाँ प्रत्येक मद का मूल्य 5,000/- रुपये या उससे कम है, वहाँ खरीद के वर्ष में संपूर्ण मूल्य-ह्रास किया जाता है. सिविल निर्माण के छोटे कार्यों की लागत जो ₹50,000/- या उससे कम है, ऐसे कार्य, आंतरिक विभाजक दीवारें जिनमें हर कार्य पर ₹50,000/- रुपये से अधिक हो उनका मूल्य-ह्रास 5 वर्ष की अवधि या संबद्ध परिसर के पट्टे की अवधि, इनमें से कम वाली अवधि में किया जाता है. ₹50,000/- या उससे कम है, ऐसे कार्य, आंतरिक विभाजक दीवारें जिनमें हर कार्य पर ₹50,000/- रुपये से अधिक हो उनका मूल्य-ह्रास 5 वर्ष की अवधि या संबद्ध परिसर के पट्टे की अवधि, इनमें से कम वाली अवधि में किया जाता है.

2.4 सामग्री की मदें जो अनुपयुक्त होने से उपयोग में नहीं लायी जातीं उनका जब तक निपटान नहीं होता तब तक लेखाओं में परिशुद्ध लेखा-मूल्य और परिशुद्ध प्रापणीय मूल्य, इनमें से कम हो उस स्तर पर लेखांकित रखा जाता है. निपटान के बाद उन्हें लेखाओं से हटा दिया जाता है. संपत्ति विक्रय पर मूल लागत से जो अधिक राशि प्राप्त होती है उसे लाभ-हानि विवरण में जमा किया जाता है.

2.5 मशीनरी तथा उपस्करों की स्थिति के पुन:अनुकूलन, स्थायी-पुनर्निर्धारण, पुनरारेखन पर होने वाला व्यय पूँजीकृत नहीं किया गया है.

2.6 संयंत्र, मशीनरी तथा उपस्करों के साथ प्राप्त अतिरिक्त पूर्जों की लागत पूँजीकृत की जाती है तथा इसका मूल्य ह्रास संयंत्र और मशीनरी के मूल्य-ह्रास की भाँति ही किया जाता है.

2.7 पट्टाधारी भूमि के लिए प्रदत्त बीमा-किश्त का पहले पूँजीकरण किया जाता है तथा पट्टे की अवधि या दस साल की अवधि जो भी कम हो, उसके प्रति अपाकरण किया जाता है.

3. अमूर्त परिसंपत्तियाँ

3.1 सामान्य अनुसंधान एवं विकास संबंधी व्यय, व्यय के वर्ष में राजस्व में प्रभारित किया जाता है. कंपनी द्वारा वित्तपोषित विकास संबंधी व्यय तथा जिन विशिष्ट परियोजनाओं के उत्पादनों की तकनीकी संभाव्यता प्रमाणित हो चुकी हो और कंपनी जिनका उत्पादन कर विपणन करना चाहती हो, उन पर विकास का व्यय भविष्य के उत्पादों में संविलयन की दृष्टि से पूँजीकृत किया जाता है, यदि कंपनी द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएँ पहले रोक दी जाती हों / त्यागी जाती हों तो रोके जाने तक / त्यागे जाने तक किये गये व्यय, रोके जाने / त्यागने के वर्ष में ही राजस्व में प्रभारित कर बट्टे खाते में डाले जाते हैं.

3.2 कार्मिक प्रशासन पर व्यय, विदेशी तकनीशियनों का शुल्क तथा व्यय आदि परियोजना/उत्पाद विशेष पर उत्पादन-पूर्व व्यय विकासगत व्यय के रूप में प्राक्कलन के आधार से उत्पादन विक्रय पर क्रमिक अपाकरण किया जाता है जो अपाकृत नहीं होता उसे अग्रेषित किया जाता है.

3.3 आंतरिक प्रयोग के लिए तैयार किये गये साफ्टवेयर / बाहरी स्रोतों से प्राप्त किये गये साफ्टवेयर जिनकी कीमत ₹1.00 लाख व उससे अधिक है, जो संबंधित हार्डवेयर का अभिन्न अंग नही है, लेखा-पुस्तिकाओं में अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में दर्ज किया जाता है तथा इसका क्रमिक अपाकरण तीन सम- भागों में होगा. अपाकरण का आरंभ इसकी प्रयुक्ति के आरंभ से माना जाता है.

4. औज़ार और उपस्कर

विशिष्ट परियोजनाओं / उत्पादों के लिए आवश्यक जिग्स, औज़ारों और फिक्चरों पर होने वाला व्यय आरंभत: तकनीकी मूल्यांकन के आधार से उत्पादन / विक्रय पर क्रमिक अपाकरण के लिए पूँजीकृत किया जाता है और जितना हिस्सा संविलयित नहीं होता, परिसंपत्ति के रूप में अग्रेषित किया जाता है. आंतरिक आधार पर विनिर्मित औजार लागत पर अथवा वसूली योग्य मूल्य पर जो भी कम हो, पूँजीकृत किये जाते हैं. रखरखाव, पुनर्निर्माण, पुन:अनुकूलन, आवधिक निरीक्षण, उपस्कर धारदार बनाना, कटिंग उपस्कर पुनर्भरण तथा समप्रकृति कार्य राजस्व के अंतर्गत प्रभारित किये जाते हैं

5. परिसंपत्तियों का ह्रास

तुलन-पत्र की तारीख को परिसंपत्तियों की धारित-राशि निर्धारित की जाती है और यदि प्राक्कलित शोध्य राशि, धारित राशि से कम पायी जाती है तो ह्रास हानि आकलित कर प्रावधान किया जाता है.

6. निवेश

6.1 वित्तीय विवरणों में वर्तमान निवेश निम्नतम लागत पर प्रविष्टित होते हैं तथा निवेश समुचित मूल्य अलग-अलग निवेश के आधार पर निर्धारित किया जाता है.

6.2 दीर्घ-अवधि निवेशों को वित्तीय विवरणों में लागत पर प्रविष्टित किया जाता है तथापि, मूल्य निवेश-मूल के स्थायी आधार पर ह्रास के लिए प्रावधान किया जाता है.

7. आस्थगित ऋण

आस्थगित सामग्री उपस्करण संचिका की लागत से

संबद्ध आस्थगित निर्बन्धों के अधीन अप्रदत्त भुगतान किश्तें तथा ब्याज और बिक्री किये गये उपकरणों / उत्पादों के आस्थगित राजस्व व्यय ग्राहकों से आस्थगित ऋण के रूप में लेखांकित किये जाते हैं और जब-जब किश्तों की और उस पर ब्याज की अदायगी होती है तो वसूल कर लिया जाता है.

8. सामग्री-सूचियाँ

8.1 सामग्री-सूची निम्न लागत अथवा निवल प्रापणीय मूल्य पर मूल्यांकित की जाती है. कच्चा माल, घटक, निर्माणाधीन सामग्री, खुले औजार और भण्डार की मदों तथा अतिरिक्त पुर्जों का मूल्यांकन भार की औसत लागत सूत्र के आधार पर किया जाता है.

8.2 मार्गस्थ माल और निर्माणाधीन माल की वास्तविक लागत ली है.

8.3 लेखन-सामग्री, वर्दी, कल्याण संबंधी उपभोज्य सामग्री, चिकित्सा तथा उपहार-गृह, भण्डार सामग्री इनकी प्राप्ति के समय राजस्व में प्रभारित कर बट्टे में डाली जाती है.

8.4 कच्चा माल, घटक, निर्माणाधीन सामग्री, खुले औजार और भण्डार की मदें तथा अतिरिक्त पुर्जों का अधिशिष्ट / अनुपयोगी / अनावश्यक घोषित भण्डार राजस्व में प्रभारित किये जाते हैं.

8.5 मुख्य भण्डार से जारी की गई तथापि वर्ष के अंत तक अप्रयुक्त पड़ी सामग्री पुनः भण्डारों में दाखिल नहीं की जाती.

8.6 5 वर्ष से अधिक समय से अप्रयुक्त कच्चे माल और घटक, भण्डार तथा अतिरिक्त पुर्जे, निर्माण सामग्री व खुले औज़ार जैसे इतिशेष सामग्री सूची से संबद्ध अनावश्यक सामग्री के अंतर्गत रखने का प्रावधान किया गया है. इसके अतिरिक्त पूर्ण / विशेष परियोजनाओं और निस्तारण के लिए लंबित अतिरिक्त / अनावश्यक सामग्री जैसी सामग्री-सूची के संबंध में भी "अनावश्यक सामग्री" के अंतर्गत डालने के यथावश्यक समुचित प्रावधान किये गये हैं.

9. ट्रेड ग्राह्य

सरकारी विभागों से संबद्ध विवादित / कालातीत ऋण-प्राप्यताओं को संदिग्ध ऋण नहीं माना जाता.

10. आपूर्तिकर्ताओं / बीमाकर्ताओं / संवाहकों / अन्यो पर दावे

आपूर्तिकर्ताओं / बीमाकर्ताओं / संवाहकों / अन्यों पर हानि / क्षति के दावे तब लेखांकित किये जाते हैं जब दावों का प्रवर्तन होता है. सरकारी विभागों से विवादित / कालातीत दावे संदिग्ध दावे नहीं माने जाते हैं.

11. विदेशी मुद्रा का अंतरण

सोवियत रूस (तत्कालीन) द्वारा की गयी आपूर्तियों से प्राप्त सेवाओं से संबंधित आस्थगित भुगतानों की और उन पर देय ब्याज की देयता, भारत सरकार तथा रूस की सरकार के बीच विदेशीकरण व्यवस्था के अंतर्गत आस्थगित भुगतान तथा तदुपरी ब्याज के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर आधारित है. अन्य मुद्राओं की स्थिति में, देयता तुलन-पत्र की प्रदत्त तारीख के प्रभावी विनिमय दर के आधार पर होती है.

विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के कारण होने वाला अंतर राजस्व में प्रभारित किया जाता है. पूँजीगत मदों के संबंध में समायोजन संपत्ति की लागत पर किया जाता है.

12. वर्तमान तथा आस्थगित कर के प्रावधान

वर्तमान कर का प्रावधान आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकार्य लाभ पर विचार करने के बाद किया जाता है. लेखित आय और कर देय आय के बीच 'समयांतर' के परिणामस्वरूप होने वाले आस्थगित कर को अधिनियमित या तुलन-पत्र की तिथि से मूलभूत रूप से अधिनियमित कर दरों तथा कानून के प्रयोग लेखांकित करने के लिए किया जाता है. आस्थगित कर संपत्ति उतनी ही आँकी और अग्रेषित की जाती है जितनी कि भविष्य में इससे वसूली की वास्तविक निश्चितता दिखायी देती है.

13. प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ एवं आकस्मिक परिसंपत्तियाँ

भूतकालीन कार्यों से वर्तमान दायित्व के लिए एक प्रावधान किया गया है और इस दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्गमन की आवश्यकता होगी जिसके लिए एक विश्वसनीय प्राक्कलन बनाया जा सकता है. प्रावधान वर्तमान मूल्य आधारित नहीं होकर तुलन-पत्र की प्रवृत तिथि पर दायित्व निपटान के लिए आवश्यक उत्तम प्राक्कलन पर आधारित हैं तथा इनकी प्रत्येक तुलन-पत्र प्रवृत तिथि पर समीक्षा कर वर्तमान सर्वोत्तम प्राक्कलन में दर्शाये जाते हैं. आकस्मिक देयताएँ वित्तीय विवरणिकाओं में नहीं लेकर टिप्पणियों में प्रकट की जाती हैं. आकस्मिक परिसंपत्तियाँ, वित्तीय विवरणिकाओं में न ली जाती हैं और न ही प्रकट की जाती हैं.

14. वारंटी

करार के अनुबंध एवं शर्तों के अनुसार जहाँ कहीं भी लागू हो, बेचे गये उत्पादों पर वारंटी का प्रावधान किया गया है. वारंटी की शर्तें वर्तमान अवधि एवं अनुबंधों के आधार अनुसार यथावत रहेंगी.

15. बिक्री

15.1 जिन उत्पादों के संबंध में पूर्व-परीक्षण जरूरी होता है वहाँ परीक्षण के बाद स्वीकृत मात्रा के आधार पर बिक्री लेखांकित होती है.

15.2 अन्य सभी उत्पादनों के संबंध में स्वीकृत / प्रत्यक्ष प्रेषण के आधार पर बिक्री लेखांकित होती है.

15.3 जहाँ बिक्री-मूल्य निर्धारित नहीं हुआ वहाँ संभाव्य प्रापणीय मूल्य के आधार पर अंतिम बिक्री मूल्य निश्चित किया जाता है.

15.4 बिक्री-मूल्य में बिक्री-कर / वैट अपवर्जित होता है लेकिन उत्पाद शुल्क तथा सेवा-कर सम्मिलित होते हैं.

15.5 ए) ग्राहकों के लिए निर्माण ठेके से संबद्ध संविदा राजस्व वित्तीय विवरणिकाओं की रिपोर्टिंग तिथि तक पूर्ण कार्य प्रतिशत की पद्धति के आधार पर ठेके संविदा संदर्भित करते हुए दर्शाया जाता है.

बी) संविदा की पूर्णता के स्तर का मापन प्रत्येक संविदा के लिए अनुमानित कुल संविदा लागत के साथ रिपोर्टिंग तिथि तक किये गये कार्य के लिए खर्च की गई संविदा लागत के अनुपात के अनुसार किया जाता है.

सी) चूँकि ऐसी संविदाओं के परिणाम का अनुमान एक हद तक पूर्ण किये गये कार्य के आधार पर ही लगाया जाता है, इसलिए न्यूनतम 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद ही इस राजस्व को शामिल किया जाता है.

डी) कुल संविदा लागत जब कुल संविदा राजस्व से बढ़ सकती हो तो निर्माण संविदा पर संभावित हानि तत्काल खर्च के रूप में दर्शायी जाती है.

ई) चूँकि राजस्व को आनुपातिक आधार पर दर्शाया जाता है, इसलिए ठेके के कार्यान्वयन के दौरान लागत से बढ़कर अधिशेष राजस्व के 30 प्रतिशत के समान राशि के आकस्मिक व्यय के लिए प्रावधान किया जाता है जिसे ठेके की समाप्ति पर वापस लिया जाता है.

15.6

ए) यदि अंतिम तिथि और माल / सेवाओं की आपूर्ति की असली तिथि एक ही लेखा-अवधि में पड़ता हो तो ऐसी स्थिति में ठेके की शर्तों के अनुसार परिसमापन क्षतियों को देरी-अवधि यदि हो तो उसमें लेखांकित किया जाता है.

बी) आपूर्ति सारणी के आगे बढ़ जाने की स्थिति में, परिसमापन क्षतियों की गणना, ठेके शर्त तथा माल / सेवाओं की संभावित आपूर्ति तिथि के अनुसार अंतिम तिथि तथा देरी हुई तिथि के अनुसार की जाती है.

16. कर्मचारियों के लाभ

अल्पकालीन कर्मचारी लाभ

16.1 अल्पकालीन कर्मचारी लाभ जैसे वेतन पारिश्रमिक (वेज) तथा अल्पकालीन अनुपस्थिति प्रतिपूर्तियाँ सेवाकालीन वर्ष के लाभ-हानि लेखों में बिना किसी रियायती दरों के शामिल की गई हैं.

निर्धारित योगदान योजनाएँ

16.2 कंपनी द्वारा दिये गये / देय कंपनी अनुमोदित सेवा-निवृत्त कर्मचारी चिकित्सा योजना (REMI), कर्मचारी हितकारी निधि योजना (EBF), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESI), भविष्य निधि अधिनियम तथा पेंशन योजना के अंतर्गत देय भविष्य निधि योगदान राजस्व में प्रभारित किये जाते हैं.

निर्धारित लाभ योजनाएँ

16.3 कंपनी की उपदान, छुट्टी वेतन योजनाएँ निर्धारित लाभ योजनाएँ हैं. उपदान संबंधी वर्तमान दायित्व का मूल्यांकन बीमांकित मूल्यांकन दर्शायी इकाई जमा पद्धति के प्रयोग के आधार पर किया जाता है, जिसमें सेवा की प्रत्येक अवधि पर एक अतिरिक्त इकाई कर्मचारी की लाभ अर्हता में जुड़ती है तथा प्रत्येक प्राक्कलित भविष्य नकदी की गणना करती है. बीमांकित लाभ-हानियाँ लाभ-हानि लेखों में शामिल किये गये हैं.

16.4 छुट्टी वेतन के वर्तमान दायित्व का प्रावधान बीमांकित आधारित है. बीमांकित लाभ-हानियाँ,

लाभ-हानि लेखों में शामिल की गयी हैं.

16.5 स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति पर जाने वाले कर्मचारियों को देय प्रतिपूर्ति का सेवा-निवृत्ति वर्ष के लाभ तथा हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

17. मूल्य-ह्रास

स्थायी परिसंपत्ति पर मूल्य-ह्रास सीधी लाइन-पद्धति से प्रभारित किया जाता है. मूल्य-ह्रास की मदें संबद्ध परिसंपत्ति की लागत उसके अनुमानित कार्यकाल (आयु) पर परिव्याप्त कर निकाली जाती है जैसा कि कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची II के भाग-सी में दिया गया है.

18. लागत का न्यून / अति अवशोषण

यदि एक वर्ष में निर्माण कार्यों पर लेबर और ओवर हेड लागत में अवप्रतिलब्धि / अधिप्रतिलब्धि की मात्रा उस वर्ष में निवल परिचालन व्यय से 0.5% से अधिक नहीं होती तो इन कार्यों पर इस लागत का न्यून अवशोषण / अत्यावशोषण का समायोजन नहीं किया जाता.

संलग्न 1 से 28 तक की अनुसूचियाँ तथा लेखा-नीतियाँ इन लेखाओं के अंगभूत अंश हैं.

इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुरूप.

कृते गर्रे अण्ड कंपनी
चार्टर्ड अकाउण्टण्ट्स
पंजीकरण संख्या : 002460S

निदेशक मंडल की ओर से एवं निदेशक मंडल के लिए

गर्रे सुब्बा राव
(सदस्यता संख्या : 019579)
भागीदारी

स्थान : हैदराबाद
तारीख :

एस पिरमनायगम
निदेशक (वित्त)

स्थान : हैदराबाद
तारीख :

वी उदय भास्कर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

एम लक्ष्मीनारायण
कंपनी सचिव

भारत डायनामिक्स लिमिटेड :: हैदराबाद
31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष का तुलन-पत्र

(₹ लाख)

विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2015 तक की स्थिति		31 मार्च 2014 तक की स्थिति	
ईक्विटी एवं देयताएं					
शेयर धारकों की निधियाँ					
(ए) शेयर पूँजी	1	11500.00		11500.00	
(बी) आरक्षित एवं अधिशिष्ट निधि	2	141858.13	153358.13	110296.59	121796.59
गैर चालू देयताएँ					
(ए) दीर्घावधि देयताएँ	3	7607.21		6111.10	
(बी) दीर्घावधि प्रावधान	4	7100.58	14707.79	6389.62	12500.72
चालू देयताएँ					
(ए) देय ट्रेड	5	56027.86		39815.45	
(बी) अन्य चालू देयताएँ	6	593927.04		644551.67	
(सी) अल्पावधि प्रावधान	7	26080.31	676035.21	14262.77	698629.89
कुल			**844101.13**		**832927.20**
परिसंपत्तियाँ					
गैर चालू परिसंपत्तियाँ					
(ए) स्थायी परिसंपत्तियाँ					
(i) मूर्त परिसंपत्तियाँ	8	37630.52		34187.54	
(ii) अमूर्त परिसंपत्तियाँ	8	1755.61		1772.78	
(iii) निर्माणाधीन कार्यगत पूँजी	9	13510.95		6382.17	
(iv) विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ	9	715.92		633.16	
(बी) गैर चालू निवेश	10	53.60		53.60	
(सी) आस्थगित परिसंपत्तियाँ (निवल)	11	6571.33		2936.03	
(डी) दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम	12	1231.42		1177.14	
(ई) अन्य गैर चालू परिसंपत्तियाँ	13	15768.46	77237.81	5886.61	53029.03
चालू परिसंपत्तियाँ					
(ए) सामग्री सूची	14	148012.24		138250.52	
(बी) प्राप्त ट्रेड	15	86572.04		39880.98	
(सी) नकद एवं नक़द तुल्य	16	366892.30		426654.45	
(डी) अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	17	148968.76		156182.70	
(ई) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	18	16417.98	766863.32	18929.52	779898.17
कुल			**844101.13**		**832927.20**

लेखा नीतियाँ एवं टिप्पणियाँ इन वित्तीय विवरणिकाओं के अंगभूत अंश हैं.

इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुरूप.

कृते गर्रे अण्ड कंपनी
चार्टर्ड अकाउण्टण्ट्स
पंजीकरण सं. 002460S

गर्रे सुब्बा राव
(सदस्यता सं.019579)
भागीदार

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 जुलाई 2015

निदेशक मंडल की ओर से एवं निदेशक मंडल के लिए

एस पिरमनायगम
निदेशक (वित्त)

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 जुलाई 2015

वी उदय भास्कर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

एम लक्ष्मीनारायण
कंपनी सचिव

भारत डायनामिक्स लिमिटेड :: हैदराबाद

31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा

(₹ लाख)

	विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2015 तक की स्थिति		31 मार्च 2014 तक की स्थिति	
I	परिचालन से प्राप्त राजस्व	19		279967.69		177989.16
	घटाव : सीमा शुल्क			-		-
	घटाव : सेवा कर			1766.33		583.87
				278201.36		177405.29
II	अन्य आय	20		49870.01		53057.22
III	कुल राजस्व (I+II)			**328071.37**		**230462.51**
IV	व्यय :					
	खपत सामग्री की लागत	21		185509.89		122601.02
	प्रत्यक्ष व्यय			2661.00		11.28
	तैयार माल की सामग्री सूची में परिवर्तन, निर्माणाधीन कार्य, कार्यगत भंडार	22		2962.94		(2459.57)
	कर्मचारी लाभकारी व्यय	23		31307.20		30728.06
	वित्त लागत			31.08		44.46
	मूल्यह्रास एवं क्रमिक अपाकरण व्यय	8		6928.87		4140.78
	अन्य व्यय	24		23527.00		18442.00
	प्रावधान	25		14859.29		7078.62
				267787.27		**180586.65**
	घटाव : पूँजीगत एवं अन्य लेखाओं से संबंधित व्यय	26		1134.76		982.96
				266652.51		179603.69
V	कर पूर्व लाभ (III-IV)			**61418.86**		**50858.82**
VI	कर व्यय					
	चालू कर - पूर्व वर्ष		(21.03)		(316.75)	
	चालू वर्ष		23218.27		15430.98	
	आस्थगित कर	11	(3635.30)		1193.18	
				19561.94		16307.41
VII	अवधि के लिए लाभ (हानि) (V-VI)			**41856.92**		**34551.41**
VIII	प्रति शेयर अर्जन :					
	मूल तथा विलयित (रु. में)	27		**₹ 3640**		**₹ 3004**

लेखा नीतियाँ एवं टिप्पणियाँ इन वित्तीय विवरणिकाओं के अंगभूत अंश हैं.

इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुरूप.

कृते गर्रे अण्ड कंपनी
चार्टर्ड अकाउण्टण्ट्स
पंजीकरण सं. 002460S

गर्रे सुब्बा राव
(सदस्यता सं.019579)
भागीदार

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 जुलाई 2015

निदेशक मंडल की ओर से एवं निदेशक मंडल के लिए

एस पिरमनायगम
निदेशक (वित्त)

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 जुलाई 2015

वी उदय भास्कर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

एम लक्ष्मीनारायण
कंपनी सचिव

भारत डायनामिक्स लिमिटेड :: हैदराबाद

31 मार्च 2015 तक की वित्तीय विवरणिकाओं की अंगभूत टिप्पणियाँ

(₹ लाख)

टिप्पणी सं.	विवरण	31 मार्च 2015 तक की स्थिति		31 मार्च 2014 तक की स्थिति	
1	**शेयर पूँजी**				
	प्राधिकृत				
	प्रति शेयर 1,000/- रु. मूल्य के 12,50,000/- ईक्विटी शेयर		**12500.00**		**12500.00**
	जारी किए गए, अंशदत्त एवं अभिदत्त				
	प्रति शेयर 1,000/- रु. मूल्य के 11,50,000/- ईक्विटी शेयर पूर्णतः प्रदत्त		**11500.00**		**11500.00**
			11500.00		**11500.00**
	5% से अधिक शेयर रखने वाले शेयर धारकों का विवरण	100% शेयर भारत सरकार द्वारा लिए जाते हैं		100% शेयर भारत सरकार द्वारा लिए जाते हैं	
2	**प्रारक्षित एवं अधिशिष्ट निधि**				
	प्रारक्षित पूँजी				
	विगत तुलन-पत्र के अनुसार	21.60		21.60	
	जोड : वर्ष के दौरान वृद्धि	-		-	
	तुलन-पत्र की तिथि पर इतिशेष		21.60		21.60
	सामान्य प्रारक्षण				
	विगत तुलन-पत्र के अनुसार	110241.66		83741.66	
	घटाव : मूल्यह्रास समायोजन	226.71		-	
		110014.95		83741.66	
	जोड : लाभ-हानि विवरण से हस्तांतरण	31800.00		26500.00	
	तुलन-पत्र की तिथि पर इतिशेष		141814.95		110241.66
	अधिशेष				
	विगत तुलन-पत्र के अनुसार	33.33		66.60	
	जोड : लाभ-हानि विवरण से हस्तांतरण	41856.92		34551.42	
		41890.25		34618.02	
	घटाव : विनियोजन				
	अंतरिम लाभांश	4890.00		5800.00	
	अंतरिम लाभांश पर कर	1001.21		985.71	
	प्रस्तावित अंतिम लाभांश	3481.39		1110.29	
	प्रस्तावित अंतिम लाभांश पर कर	696.07		188.69	
	प्रारक्षित पूँजी को हस्तांतरण			-	
	सामान्य प्रारक्षित को हस्तांतरण	31800.00		26500.00	
	तुलन-पत्र की तिथि पर इतिशेष		21.58		33.33
			141858.13		**110296.59**
3	**दीर्घावधि देयताएं**				
	देय ट्रेड - 45 वर्ष के लिए आस्थगित जमा		7607.21		6111.10
			7607.21		**6111.10**
4	**दीर्घावधि प्रावधान**				
	कर्मचारी हित के लिए प्रावधान				
	उपचित अवकाश		7100.58		6389.62
			7100.58		**6389.62**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड :: हैदराबाद

31 मार्च 2015 तक की वित्तीय विवरणिकाओं की अंगभूत टिप्पणियाँ

(₹ लाख)

टिप्पणी सं.	विवरण	31 मार्च 2015 तक की स्थिति	31 मार्च 2014 तक की स्थिति
5	**व्यापारिक देयताएं**		
	अति लघु, लघु एवं मध्यम उद्यम	911.88	1,318.27
	आस्थगित देयताओं की चालू अवधि समाप्ति	345.78	195.60
	अन्य ट्रेड देयताएं	54770.20	38301.58
		56027.86	**39815.45**
5.1	अति लघु, लघु एवं मध्यम उपक्रम विकास अधिनियम के अंतर्गत जानकारी :		
(i)	वर्ष की समाप्ति पर पूर्तिकर्ता के लिए बाकी मूल धन एवं ब्याज अप्रदत्त.	**911.88**	**1318.27**
(ii)	लेखा वर्ष के दौरान नियत तिथि के बाद पूर्तिकर्ता के लिए भुगतान की गई राशि सहित ब्याज राशि.	-	-
(iii)	भुगतान में की गई विलंब की अवधि के लिए देय एवं बकाया ब्याज राशि (अधिनियम में निर्धारित ब्याज के बिना नियम तिथि के बाद किया गया भुगतान)	**5.28**	**4.79**
(iv)	लेखा वर्ष के अंत में प्राप्त ब्याज की राशि तथा अप्रदत्त बकाए की राशि	**97.77**	**71.30**
(v)	बकाया ब्याज की राशि जिसका पूर्ववर्ती वर्षों में उस तिथि तक भुगतान किया जा सकता है जब तक कि एम एस एम ई अधिनियम की धारा 23 के तहत घटाव व्यय के रूप में अस्वीकृत होने के प्रयोन से उपर्युक्त ब्याज की राशि लघु उद्यमों को वास्तविक रूप से भुगतान किया जाता है.	-	-
6	**अन्य चालू देयताएँ**		
	भारत सरकार से अग्रिम	548738.64	576577.86
	अन्य अग्रिम	19804.26	46692.07
	जमा राशियाँ	1141.52	1344.86
	अन्य देयताएँ	24242.62	19936.88
		593927.04	**644551.67**
7	**अल्पावधि प्रावधान**		
	कर्मचारी के लिए लाभकारी प्रावधान		
	उपचित अवकाश के लिए प्रावधान	385.51	347.17
	अन्य प्रावधान		
	वारंटी	4046.48	1984.09
	परिसमापन क्षतियाँ	11373.20	9602.46
	आकस्मिक व्यय - विनिर्माण करार	1638.50	-
	प्रस्तावित अंतिम लाभांश	3,481.39	1110.29
	प्रस्तावित अंतिम लाभांश पर ब्याज	696.07	188.69
	सी एस आर, सतत विकास एवं अन्य	4459.16	1030.07
		26080.31	**14262.77**

31 मार्च 2015 तक की वित्तीय विवरणिकाओं की अंगभूत टिप्पणियाँ

8. स्थायी परिसंपत्तियाँ

(₹ लाख)

विवरण	सकल निरुद्ध				मूल्य ह्रास / क्रमिक अपाकरण				निवल मालियत	
	वर्ष के आरंभ में लागत की	वर्ष के दौरान जोड/समायोजन	वर्ष के दौरान कटौतियाँ / समायोजन	वर्ष की समाप्ति पर कुल लागत	वर्ष के आरंभ में संचित मूल्य ह्रास / क्रमिक अपाकरण	वर्ष के लिए मूल्य ह्रास / क्रमिक अपाकरण	वर्ष के दौरान कटौतियाँ / समायोजन	वर्ष के समाप्ति पर संचित मूल्य ह्रास / क्रमिक अपाकरण	31 मार्च 2015 तक की स्थिति	31 मार्च 2014 तक की स्थिति
मूर्त परिसंपत्तियाँ										
भूमि - पूर्ण स्वामित्व पर @	6139.65	5.39	0.00	**6145.04**	0.00	0.00	0.00	-	**6145.04**	**6139.65**
- पट्टे पर	3926.87	0.00	0.00	**3926.87**	57.02	392.69	0.00	**449.71**	**3477.16**	**3869.85**
इमारतें *	11333.09	499.18	0.00	**11832.27**	4791.62	287.12	0.00	**5078.74**	**6753.53**	**6541.47**
तार घेरा तथा चाहर दीवारी	1003.89	69.80	0.00	**1073.69**	403.95	219.52	74.19	**697.66**	**376.03**	**599.94**
सड़कें तथा नालियाँ	997.15	131.16	0.00	**1128.31**	524.44	70.54	56.83	**651.81**	**476.50**	**472.71**
जल आपूर्ति संस्थापनाएँ	666.91	21.99	0.00	**688.90**	586.91	3.29	0.00	**590.20**	**98.70**	**80.00**
संयंत्र, मशीनरी तथा उपस्कर #	26491.00	6229.33	-28.99	**32691.34**	17735.16	818.85	-33.27	**18520.74**	**14170.60**	**8755.84**
फर्नीचर तथा उपकरण	4720.29	488.50	-6.81	**5201.98**	3332.33	744.66	96.09	**4173.08**	**1028.90**	**1387.96**
परिवहन वाहन वाहन	523.47	23.57	0.00	**547.04**	346.07	34.66	0.00	**380.73**	**166.31**	**177.40**
विशेष औज़ार एवं उपकरण	17521.79	2126.15	0.00	**19647.94**	11359.08	3351.11	0.00	**14710.19**	**4937.75**	**6162.71**
कुल	**73324.11**	**9595.07**	**-35.80**	**82883.38**	**39136.58**	**5922.44**	**193.84**	**45252.86**	**37630.52**	**34187.53**
विगत वर्ष	62707.41	10441.56	175.14	73324.11	35974.32	3162.48	-0.22	39136.58	34187.53	26733.09
अमूर्त परिसंपत्तियाँ										
विकास व्यय	9797.41	894.45	0.00	**10691.86**	8109.37	910.17	0.00	**9019.54**	**1672.32**	**1688.04**
कंप्यूटर साफ्टवेयर	334.06	94.81	0.00	**428.87**	249.32	96.26	0.00	**345.58**	**83.29**	**84.74**
कुल	**10131.47**	**989.26**	**0.00**	**11120.73**	**8358.69**	**1006.43**	**0.00**	**9365.12**	**1755.61**	**1772.78**
विगत वर्ष	8447.77	1683.70	0.00	10131.47	7380.39	978.30	0.00	8358.69	1772.78	1067.38
कुल योग	**83455.58**	**10584.33**	**-35.80**	**94004.11**	**47495.27**	**6928.87**	**193.84**	**54617.98**	**39386.13**	**35960.31**
विगत वर्ष	71155.18	12125.26	175.14	83455.58	43354.71	4140.78	-0.22	47495.27	35960.31	27800.47

@ (i) भारत सरकार के संगठन को 5 एकड़ 01 गुण्टा भूमि लीज़ पर दी गई है और इस पर उनका स्वामित्व है. इसी प्रकार 2 एकड़ 8 गुण्टे की ज़मीन भारत सरकार के संगठन के अनुमति आधार पर दी गई और इस पर उनका स्वामित्व है.

(ii) राज्य सरकार से मुफ़्त में प्राप्त 151 एकड़ 33 गुण्टे की भूमि सहित 244 एकड़ 37 गुण्टे की भूमि (विगत वर्ष 244 एकड़ 37 गुण्टा) के लिए अंतरण रसीद प्राप्त करना शेष है. यह भूमि 397.79 लाख (विगत वर्ष 397.79 लाख) में पूँजीगत की गई और यह राशि कंपनी द्वारा भुगतान / उपलब्ध की जा चुकी है.

(iii) इब्राहिमपट्टणम में स्वामित्व में लिए जा चुके 590-22.50 गुण्टे की ज़मीन के लिए अंतरण रसीद प्राप्त करना शेष है. अनुमानित कीमत के आधार पर भुगतान की गई राशि पूँजीगत की गई.

* जिस पर कंपनी की मालिकयत नहीं है, ऐसी भूमि पर निर्मित इमारतों का मूल्य ₹ 111.01 लाख (विगत वर्ष ₹ 111.01 लाख) सम्मिलित है.

₹ 209.16 लाख (विगत वर्ष ₹ 58.43 लाख) सकल मूल्य की उपयोग में अनुपयुक्त सामग्री मदें सम्मिलित.

सरकार द्वारा मुफ़्त में हस्तांतरित परिसंपत्तियाँ वर्तमान वर्ष के लिए ₹ शून्य के अंकित मूल्य (विगत वर्ष रु. शून्य) से ली गई.

नौसेना (आई एन एस-डेगा) से विशाखापट्टणम में लीज़ पर ली गई 3.63 एकड़ की ज़मीन सम्मिलित नहीं है.

भारत डायनामिक्स लिमिटेड :: हैदराबाद

31 मार्च 2015 तक की वित्तीय विवरणिकाओं की अंगभूत टिप्पणियाँ

(₹ लाख)

टिप्पणी सं.	विवरण	31 मार्च 2015 तक की स्थिति	31 मार्च 2014 तक की स्थिति
8.1	वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में स्थाई परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास संबंधी लेखा नीति में परिवर्तन किए गए हैं. इस परिवर्तन के प्रभाव से वर्ष के लाभ में ₹ 692.63 लाख की वृद्धि हुई है.		
9	**निर्माणाधीन पूँजीगत कार्य एवं विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ**		
	निर्माणाधीन कार्यगत पूँजी	13510.95	6382.17
	विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ	715.92	633.16
		14226.87	**7015.33**
